Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	अमर उजाला	Page No:	13
Place:	नई दिल्ली	Date:	20/12

कॉल ड्रॉप पर टोल फ्री नंबर '1955' होगा लांच

नई दिल्ली। केंद्र सरकार कॉल ड्रॉप पर दूरसंचार ग्राहकों के फीडबैक लेने के लिए जल्द ही एक टोल फ्री नंबर 1955 शुरू करना चाहती है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि कॉल ड्रॉप पर आईवीआरएस प्रणाली के लिए संक्षिप्त कोड 1955 आवंटित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक दूरसंचार मंत्री मनोज सिन्हा इस सेवा को लांच करेंगे। उन्होंने हालांकि अधिक जानकारी नहीं दी। संपर्क किए जाने पर सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा कि उद्योग ने दूरसंचार विभाग से इस कोड को लागू करने के लिए रूटिंग, शुल्क आदि से संबंधित तकनीकी स्पष्टीकरण की मांग की है।